'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 18 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए बुधवार, 03 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# सरकारी खर्च पर विस कमेटियों की रहेगी पैनी नजर

## विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने चेयरपर्सन्स के साथ बैठक कर दिए दिशा-निर्देश

**कहा- बैठकों में आने वाले अधिकारियों को व्यक्तिगत कार्य न बताएं विधायक**

**वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति तय करवाने के लिए मुख्य सचिव को लिखा पत्र**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान हरियाणा में सरकार की ओर से होने वाले खर्च पर विधान सभा कमेटियों की पैनी नजर रहेगी। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को सभी कमेटियों के चेयरपर्सन और अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। गुप्ता ने कहा विधान पालिका लोकतांत्रिक व्यवस्था के तीनों आधारभूत स्तंभों में सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए जनता की तकलीफों को दूर करने के साथ-साथ सार्वजिनक संसाधनों का समुचित सदुपयोग करवाना विधायिका का सर्वोच्च दायित्व है।

गौरतलब है कि ज्ञान चंद गुप्ता हर वित्त वर्ष की शुरुआत में समिति सभापतियों के साथ बैठक कर साल भर के लिए कार्य योजना तैयार करते हैं। इससिले में उन्होंने मंगलवार को आयोजित बैठक में समिति सभापतियों और अधिकारियों से चर्चा कर साप्ताहिक बैठकों के दिन और समय का निर्धारण किया।



विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि विधान सभा की कमेटियां सदन का लघु स्वरूप है, इसलिए सरकार के अधिकारियों को इन कमेटियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के प्रशासनिक सचिव ही समितियों के प्रति जवाबदेह है। इसके लिए विधान सभा सचिवालय की ओर से प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को पत्र भी लिखा गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी विधायक बैठकों में सम्मिलित होने वाले अधिकारियों को व्यक्तिगत कार्य न बताएं।

गुप्ता ने कहा कि समितियों के दौरे सैर-सपाटे के लिए न होकर अध्ययन और कार्यप्रणाली की बारीकियां समझने के लिए होने चहिए। इसके लिए किसी भी प्रदेश का दौरा करने से पूर्व विस्तृत योजना बनाकर समकक्ष समितियों के साथ बैठकें सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने हिदायत दी कि अध्ययन दौरे के बाद इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट अवश्य बनाएं।

उन्होंने समिति अधिकारियों को कहा कि बैठकों में भाग लेने वाले विधायकों की ही उपस्थिति लगाएं तथा बैठक की सूचना विधायकों को ईमेल, मैसेज और फोन कॉल के माध्यम से निश्चित समय पूर्व मिलनी सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभापतियों को विधायी कामकाज के गुर भी बताए और साथ ही हिदायत दी कि विधायी कामकाज के सबसे महत्वपूर्ण घटक होने के कारण हम सबकी जनता के प्रति जवाबदेही ज्यादा है। इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए समितियां सिर्फ विधान भवन में बैठकों तक सीमित न रहे, बल्कि उन्हें प्रदेश भर में चल रही विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनता की मेहनत की कमाई से सरकारी खजाने में आने वाले धन के अपव्यय को रोकने के लिए समितियों को अधिक सतर्कता से काम करना होगा। समिति की बैठकों में होने वाले निर्णयों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए फॉलोअप अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समिति में शामिल सभी विधायक परिश्रम और लग्न से कार्य करें।

बैठक में लोक लेखा समिति के चेयरपर्सन वरुण चौधरी, प्राक्कलन समिति की सभापति कमलेश ढांडा, लोक उपक्रमों संबंधी समिति और शिष्टाचार मानदंडों के उल्लंघन और हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के साथ सरकारी अधिकारियों के अवमाननापूर्ण व्यवहार पर समिति के चेयरपर्सन अनिल विज, अनुसूचित जातियों जन जातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए समिति के सभापति सत्य प्रकाश, सरकारी आश्वासनों के बारे में गठित समिति के चेयरपर्सन आफताब अहमद, अधीनस्थ विधान समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव, याचिका समिति के सभापति घनश्याम दास अरोड़ा, स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं सम्बन्धी समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव और शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाएं सम्बन्धी विषय समिति के सभापति देवेन्द्र सिंह बबली व सभी समितियों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विपक्ष के छलिया व गुमराह करने वाले एजेंडे को अपनी मेहनत से ध्वस्त करेंगे भाजपा के कार्यकर्ता : सीएम नायब सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने करनाल विधानसभा कोर कमेटी एवं यहां के चार मंडलों की बैठकों में शामिल होकर चुनावी रणनीति को धार दी। इन पांचों बैठकों में मुख्यमंत्री ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं का फीडबैक लिया तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा के उपचुनाव को जीतने की रणनीति पर पदाधिकारियों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा की। पहली बैठक विधानसभा कोर कमेटी की हुई। इसमें कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों को लेकर बातचीत की। कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने भी अब तक हुई चुनाव की तैयारियों के संबंध में विस्तार से नायब सिह सैनी को बताया।




करनाल विधानसभा कोर कमेटी और अर्बन मंडल, कर्ण मंडल, शहरी मंडल और राम नगर मंडल में प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं को विपक्ष के जनता को छलने वाले और गुमराह करने वाले एजेंडों से आगाह करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां वोटों के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौता करने की किसी भी हद तक जा सकती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को विपक्ष के मंसूबों को सफल नहीं होने देना है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में किस तरह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर कांग्रेस व घमंडियां गठबंधन के इन्हीं भ्रष्टाचारों को बताना है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी सरकार और डबल इंजन सरकार की योजनाओं और उपलबंधियों को कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बताएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम जारी रखें। सीएम सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहरलाल को ऐतिहासिक मार्जिन से जीतने के साथ-साथ उपचुनाव की जीत को भी प्रचंड एवं एतिहासिक बनाना है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 10 वर्षों में भारत ने जबरदस्त तरक्की की है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन की सरकार में देश और प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। सड़कों के नेटवर्क ने लोगों के जीवन को सरल किया है। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव है। हरियाणा विकसित राज्य बनें इसके लिए डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। भाजपा शासन में युवाओं, किसानों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दस सालों में हुए विकास के कार्यों से जनता संतुष्ट है।

नायब सैनी ने कहा कि भाजपा किसान हितैषी सरकार है। 10 वर्षों में किसानों को समृद्ध करने की दिशा में सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। हरियाणा के युवा योग्यता के आधार पर मिल रही नौकरियों से खुश हैं। उज्जवला योजना और हर घर में नल से जल आने पर महिलाओं की जीवन शैली बदली है। घर बैठे मिल रही सुविधाओं से प्रदेश के लोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं। सीएम ने बैठक में दावा करते हुए कहा कि भाजपा दस की दस सीटें और करनाल विधानसभा का उपचुनाव जनता के आशीर्वाद और प्रचंड समर्थन से जीत रही है।

बैठकों के दौरान प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, कुलदीप शर्मा, पूर्व मेयर रेणू बाला गुप्ता, संजय बठला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक सुखीजा, कृष्ण गर्ग, एडवोकेट विरेंद्र ठाकुर, मेहर सिंह कलामपुरा, जगमोहन आनंद, विधानसभा प्रभारी अमरनाथ सौदा, विधानसभा विस्तारक रवि राणा, कुलदीप शर्मा के अलावा मंडलों की बैठक में मंडल अध्यक्ष अमर टक्कर, बिशन सिंह शेखावत, साहिल मदान, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कितनी भी कोशिश कर लो जीत तो सत्य की होती है : कुमारी सैलजा

**न्याय के सर्वोच्च मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भ्रष्ट भाजपा का सपना टूटा**

**सुप्रीम कोर्ट ने किसान की मौत की जांच पर रोक लगाने से किया इंकार**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि सत्य की जीत ने एक बार फिर अपनी अटल उपस्थिति दर्ज की है। न्याय के सर्वोच्च मंदिर सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णायक आदेश के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव तक कांग्रेस के बैंक खातों पर लगी रोक हटा दी जाए। इससे साफ पता चलता है कि जितनी भी कोशिश कर लो आखिर में सच ही जीतता है। इस फैसले से भ्रष्ट भाजपा का ये सपना भी टूट गया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को चुनाव लडने से रोक दिया जाए लेकिन न्याय की ताकत ने दिखाया कि सच्चाई का रास्ता हमेशा खुला रहता है।



मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि विरोधी ताकतें जो लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश में थीं, उन्हें यह समझना होगा कि लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि इन कुत्सित प्रयासों से उनका बाल भी बांका नहीं होने वाला। यह फैसला भाजपा सरकार के लिए एक सबक है कि जनता की ताकत के आगे उनकी राजनीतिक चालबाजियां नहीं चलेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दबाने के लिए भाजपा सरकार कोई भी कदम उठाने से पीछे नहीं हट रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो और भारत न्याय यात्रा से देश की जनता सरकार के खिलाफ एकजुट हुई है जनता को पता है कि भाजपा ने देश को भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, बेरोजगारी, महंगाई के सिवाय कुछ नहीं दिया। तानाशाह सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर अपने विरोधियों की आवाज दबाना चाहती है। सरकार का इसका खामियाजा चुनाव में भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा विश्वास है। न्याय के सर्वोच्च मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भ्रष्ट भाजपा का सपना टूट चुका है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में पंजाब की सीमा पर प्रदर्शनकारी किसान शुभकरण सिंह की मौत की न्यायिक जांच से हरियाणा सरकार दूर भागना चाहती थी, यहीं वजह रही कि हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए रोक लगाने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि सेवानिवृत जज की अध्यक्षता वाले पैनल द्वारा मामले की निगरानी से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि अगर वह सही है तो मामले की न्यायिक जांच से दूर क्यों भाग रही है। उन्होंने कहा कि इस देश की न्यायपालिका के कारण ही लोगों के अधिकार सुरक्षित है, इस तानाशाह सरकार ने जनता के शोषण और उत्पीडन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

# हिसार से भजनलाल के बेटे को उतार सकती है कांग्रेस

**कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी का फायदा उठाना चाहते, 5 विधानसभा परिवार की अभेद्य किला**

समाचार गेट ब्यूरो

हरियाणा में सबसे हॉट सीट मानी जा रही हिसार लोकसभा पर बिश्नोई परिवार की एंट्री हो गई है। कांग्रेस यहां से पूर्व सीएम भजनलाल के बेटे पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन को टिकट देने की तैयारी कर रही है। चंद्रमोहन पंचकूला के कालका से चार बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा वह हिसार की विधानसभा नलवा से भी 2014 में चुनाव लड़ चुके हैं

इस चुनाव में उन्होंने ईनेलो की टिकट से चुनाव लड़े रणबीर गंगवा को कड़ी टक्कर दी थी, हालांकि वह यह चुनाव बहुत कम मार्जिन से हार गए थे। कांग्रेस पार्टी यदि उन्हें यहां से टिकट देती है तो दूसरे दलों के लिए वह मुश्किलें जरूर खड़ी करेंगे।

सियासी जानकारों का भी कहना है कि अन्य नेताओं के मुकाबले चंद्रमोहन कांग्रेस प्रत्याशी के लिए बेहतर उम्मीदवार साबित होंगे। चंद्रमोहन अभी ऑल इंडिया कांग्रेस के मेंबर भी हैं।



**चंद्रमोहन के नाम की इन 2 वजहों से चर्चा, कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी का मिलेगा फायदा**

चंद्रमोहन के कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि यहां से भाजपा की टिकट के सबसे प्रबल दावेदार कुलदीप बिश्नोई की टिकट काटकर रणजीत सिंह चौटाला को पार्टी ने टिकट दिया है। इस कारण से वह नाराज बताए जा रहे हैं।

हाल ही में उनके विधायक बेटे भव्य बिश्नोई X पर पोस्ट डालकर अपनी नाराजगी दिखा भी चुके हैं। इसके साथ ही वह पार्टी की मीटिंगों से भी किनारा कर चुके हैं। हाल ही में देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल के जॉइनिंग कार्यक्रम में भी वह नहीं पहुंचे थे।

**नौ में से 5 विधानसभा परिवार की अभेद्य किला**

तीसरी बड़ी वजह यह है कि कांग्रेस पार्टी जानती है कि हिसार लोकसभा के अंतर्गत 5 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जो भजनलाल परिवार का अभेद्य किला हैं। इसकी वजह यह भी है कि यहां सबसे अधिक वोटर जाट समुदाय के हैं। लोकसभा के साथ ही बिश्नोई परिवार विधानसभा चुनाव में भी हिसार, आदमपुर, नलवा, उकलाना, सोहना पर ही ध्यान केंद्रित करता है। चार और भी विधानसभा हैं। आदमपुर हलका 1968 से भजनलाल परिवार का अभेद्य दुर्ग है।

**अब जानिए कौन हैं चंद्रमोहन**

हिसार के नलवा विधानसभा से 2014 में चंद्रमोहन ने हरियाणा जनहित कांग्रेस से चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें जीत तो नहीं मिल पाई थी, लेकिन वह ईनेलो के रणबीर सिंह गंगवा से बहुत मार्जिन से हार गए थे। इसके बाद भी वह लगातार हिसार क्षेत्र में काफी एक्टिव रहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के सबसे बड़े चंद्रमोहन हैं। इसलिए भजनलाल ने कुलदीप बिश्नोई से पहले उन्हें ही राजनीति में लॉन्च किया था।

इसके बाद वह लगातार चार बार विधायक बन कर विधानसभा में पहुंच चुके हैं। वह प्रदेश के डिप्टी सीएम भी रह चुके हैं। यही वजह है कि हिसार के क्षेत्र के लोग आज भी पंचकूला स्थित उनके आवास पर काम के लिए पहुंचते हैं।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए बत्रा हॉस्पिटल ने उठाया नेक कदम

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद शहर वासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बत्रा हॉसपिटल द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉसपिटल दे रहा है एक एक नायाब तोहफा, क्योंकि यहाँ 60 वर्ष से ऊपर वाले सभी नागरिकों के लिए हृदय स्वास्थ्य जांच बिल्कुल फ्री की जा रही है। बत्रा हॉसपिटल के जन सम्पर्क अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगर आप भी दिल से जुडी किसी भी तरह की बीमारी से जूझ रहे हैं तो 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अपने हृदय की जांच बत्रा हॉसपिटल में जाकर निःशुल्क करा सकते हैं। गौरतलब है कि फरीदाबाद के इतिहास में इस तरह की अनूठी पहल करने वाला बत्रा हॉसपिटल शहर का पहला अस्पताल बन गया है।

## हॉस्पिटल का पता :

बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉसपिटल, सेक्टर-31, स्प्रिंगफील्ड कालोनी, फरीदाबाद संपर्क सूत्र : मो. 9354209723



# सार्वजनिक सम्पत्ति पर बिना अनुमति के वॉल पेंटिंग बनाना गैर कानूनी : जिलाधीश विक्रम सिंह

**कहा, निजी सम्पति पर लिखित पूर्व अनुमति प्राप्त करने उपरांत ही करें वॉल पेंटिंग**

**पेंटर को वॉल पेंटिंग के नीचे लिखना होगा नाम व मोबाइल नंबर**

**आदर्श आचार संहिता संबंधित डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1985 के तहत होगी कार्रवाई**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 18वीं लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। जिलाधीश ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी सम्पतियो पर कोई भी वॉल पेंटिंग करना निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार गैर कानूनी है ।ऐसा करने पर आरोपी के विरुद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**यह हैं निर्वाचन आयोग की हिदायतें:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने इस संबंध सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं ।उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की पहले लिखित में अनुमति लेना जरूरी है ।उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले चित्रकार/पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा।

**इस नियम के तहत होगी कार्यवाही:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करवाने के लिए गठित की गई टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में पूरी सख्ती के साथ कार्यवाही करें ।उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# प्रणित रस्तोगी ने अंडर-7 में प्रथम और अंडर-9 में तीसरा पुरस्कार जीता




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला शतरंज असोसिएशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय शतरंत प्रतियोगिता में प्रणित रस्तोगी ने अंडर-7 में प्रथम और अंडर- 9 में तीसरा पुरस्कार जीता। सेक्टर-82 स्थित मानसकृति स्कूल में फरीदाबाद जिला शतरंज असोसिएशन की ओर से 30 मार्च से लेकर एक अप्रैल तक 3 दिवसीय शतरंत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। असोसिएशन की प्रेजिडेंट नीतू अग्रवाल ने बताया कि शतरंज का आयोजन सभी श्रेणियों के लिए किया गया। जिसमें प्रणित रस्तोगी ने अंडर-7 वर्ग में प्रथम पुरस्कार और अंडर- 9 वर्ग में तीसरा पुरस्कार जीता और 2 ट्रॉफी जीतीं। काश्वी सभरवाल ने अंडर- 15 और अंडर- 17 गर्ल्स कैटेगरी जीतकर 2 ट्रॉफियां हासिल कीं।

अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में अमर्या शर्मा प्रथम रही। अंडर-9 वर्ग में सिद्धांत राणा व गर्ल्स वर्ग में तिआरा जैन प्रथम रही। अंडर-11 में जयांश ढींगरा व गर्ल्स वर्ग में तनिष्का प्रथम रही। अंडर-13 वर्ग में निकुंज खन्ना व गर्ल्स वर्ग में वंशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-15 ध्रुव शर्मा व गर्ल्स वर्ग में काश्वी सभरवाल प्रथम रहीं। अंडर-17 में केशव अरोड़ा व गर्ल्स वर्ग में काश्वी सभरवाल ने अव्वल स्थान हासिल किया।

# एक सेहतमंद व्यक्ति ही लक्ष्य को प्राप्त करता है : राजेश नागर

**विधायक राजेश नागर ने निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का किया उद्घाटन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** तिगांव के राजकीय प्राइमरी स्कूल में एकॉर्ड अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने किया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि एक सेहतमंद व्यक्ति ही अपने जीवन में तय किए लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है क्योंकि बीमारी और रोगी व्यक्ति अपनी संपूर्ण क्षमता के साथ काम नहीं कर पाता है। लेकिन जो व्यक्ति पूरी तरह से स्वस्थ होता है कि वह योजनाओं को बना भी सकता है और उन्हें लागू भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सेहत को अपनी प्राथमिकता में शामिल करें और कोई भी परेशानी महसूस होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से जांच करवाएं जिससे समय रहते बीमारी को पकडक़र उसका निदान किया जा सके। नागर ने लोगों से अपील की कि वह खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रात: टहलने का नियम बनाएं और अच्छा भोजन करें। शिविर में पेट, आंतों, लिवर रोगों, दिमाग और स्पाइन रोगों, श्वास रोग, महिला रोगों की निशुल्क जांच की गई वहीं बीपी, सुगर, ईसीजी, हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस बी एवं सी की भी जांच की गई। इस अवसर पर डॉ आरसी सोनी, तिगांव के सरपंच विक्रम प्रताप नागर, अमन नागर, अजय पाल, खलीफा धर्मवीर, सतराम नागर, विनोद भड़ाना, पवन बीडीसी, जगदीश मैंबर, राजकुमार मैंबर, दुष्यंत पंडित, पहलवानजी, सुनील बीडीसी, ईश्वर यादव, नरेश मैंबर आदि अनेक लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भगवान दास गोयल फिर बने व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान




**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** व्यापार मंडल बल्लभगढ़ की आम सभा की मीटिंग अग्रसेन भवन (अग्रवाल धर्मशाला) चावला कॉलोनी में हुई। जिसमें भगवान दास गोयल को फिर से प्रधान चुना गया। इस मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद के बीजेपी विधायक नरेंद्र गुप्ता उपस्थित हुए। इस दौरान व्यापार मंडल की कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें चुनाव अधिकारी विजय सिंगला को बनाया गया। चुनाव में भगवान दास गोयल सर्वसम्मति से प्रधान निर्वाचित हुए। महासचिव के पद पर विजय मित्तल चुने गए एवं कोषाध्यक्ष के पद पर सुमित मंगला का निर्वाचन हुआ। सदस्यों ने बाकी कार्यकारिणी को चुनने का अधिकार प्रधान भगवान दास गोयल को दे दिया ।इस अवसर पर हेमंत मित्तल, सुरेश मित्तल, वेद प्रकाश मंगला, गिर्राज प्रसाद अग्रवाल, राजेंद्र जैन, तेजभान गुप्ता, नरेश गोयल, कन्हैयालाल गर्ग, चंद्रशेखर गर्ग ,भीमसेन चावला, सतपाल भगत आदि उपस्थित थे। इस दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता ने व्यापार मंडल के सभी सदस्यों को चंडीगढ़ विधानसभा दिखाने का न्योता दिया और सभी व्यापारी बंधुओं को देश हित में कार्य करने के लिए आह्वान किया।

# प्राध्यापक राजकुमार सूरा हुए सेवानिवृत्त



**समाचार गेट ब्यूरो**

**हिसार।** सोनिका सुरा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा के वरिष्ठ प्राध्यापक राजकुमार सूरा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा लेक्चर वेलफेयर एसोसिएशन सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर लाडवा स्कूल की प्राचार्य सभी स्टाफ सदस्य गण प्राध्यापक राजकुमार सूरा का परिवार और गणमान्य व्यक्ति इस मौके पर उपस्थित रहे। प्राध्यापक राजकुमार सूरा के सम्मान में जलपान समारोह विद्यालय में हुआ और पूरे हरियाणा प्रदेश के हरियाणा लेक्चर वेलफेयर एसो. के सभी पदाधिकारी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा लेक्चर वेलफेयर एसो. बंशीलाल गुर्जर की देखरेख में संपन्न हुई।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए करें आम जन को जागरूक: विक्रम सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए आम जन को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शादी विवाहों के लिए अक्षय तृतीया/आखा तीज के नाम से लोकप्रिय यह 10 मई, 2024 को पड़ता है। इस दिन को अक्सर बड़ी संख्या में बाल विवाह को रोकने के लिए चुना जाता है, जो न केवल एक प्रतिगामी सामाजिक प्रथा है, बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) के तहत भी अवैध है। इस दिन बाल विवाह की परंपरा को तोड़ने के लिए सतर्कता बढ़ाएं और सभी संबंधितों को सभी संभावित निवारक उपाय करने का निर्देश दें।

**बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाए**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाएं। ग्राम, पंचायत, ब्लॉक/शहरी/वार्ड/जिला, तहसील स्तर आदि पर जागरूकता कार्यक्रम चला कर अधिक से अधिक लोगों को भागीदार बना कर समाज हित के आम जन को जागरूक करें।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए डीपीओएस/पीपीओएस/पुलिस विभाग/श्रम विभाग और धार्मिक पुजारियों, जो विवाह संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार हैं और विवाह के दौरान सेवा प्रदाताओं के साथ बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रमों के संबंध में बैठक आयोजित करें। इसके अलावा स्कूलवार उन बच्चों की सूची तैयार करें। जो स्कूल छोड़ चुके हैं और नियमित रूप से स्कूल नहीं जाते हैं। जिला के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य अथवा प्रधानाध्यापको के जरिये विद्यालय से अनुपस्थित बच्चों की विद्यालयवार सूची तैयार करें। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, चस्पा आदि करना सुनिश्चित करें । आम जनता में जागरूकता के लिए बाल विवाह निषेध बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें।

# कमांडर-इन-चीफ एडमिरल एडुंग फान-इआम का भारत दौरा



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** रॉयल थाई नेवी के कमांडर-इन-चीफ, एडमिरल एडुंग फान-इआम, 01 – 03 अप्रैल 2024 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने 01 अप्रैल 2024 को नई दिल्ली में भारतीय नौसेना स्टाफ के प्रमुख, एडमिरल आर हरि कुमार, के साथ बातचीत की। यह बातचीत समुद्री क्षेत्र में आपसी सहयोग, प्रशिक्षण विनिमय कार्यक्रमों और सूचना साझाकरण के मुद्दों पर केंद्रित थी।

इससे पहले आज, एडमिरल एडुंग फान-इआम ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर औपचारिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में भारतीय नौसेना द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। उनका चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, चीफ ऑफ एयर स्टाफ, रक्षा सचिव और राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए एडमिरल एडुंग पैन-इम नई दिल्ली में भारतीय रक्षा उद्योग तथा रक्षा उत्पादन विभाग के अधिकारियों से मिलने वाले हैं। इसके बाद, पोत निर्माण में वर्तमान रुझानों का पता लगाने और भारत में जहाज के रखरखाव एवं मरम्मत के दायरे सहित भविष्य के अवसरों की पहचान करने के लिए वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो के भारतीय नौसेना अधिकारियों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र की भी योजना बनाई गई है।

दोनों देशों नौसेनाएं 2005 से द्विवार्षिक आधार पर नियमित रूप से समन्वित गश्ती कर रही हैं और भारतीय नौसेना तथा रॉयल थाई नौसेना के बीच पहला द्विपक्षीय अभ्यास अर्थात अभ्यास-अयुत्या पिछले साल 23 दिसंबर को आयोजित किया गया था। अभी हाल ही में रॉयल थाई नौसेना के एक जहाज एचटीएमएस प्राचुप खीरी खान ने फरवरी 2024 में विशाखापत्तनम में आयोजित मिलन 24 में भाग लिया। दोनों नौसेनाएं हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) और हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की भी सक्रिय सदस्य हैं। रॉयल थाई नौसेना के कमांडर-इन-चीफ की भारत यात्रा दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों एवं स्थायी मित्रता का प्रमाण है।

# सुश्री शेफाली शरण ने प्रधान महानिदेशक का पदभार संभाला



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** श्रीमती शेफाली बी. शरण ने कल श्री मनीष देसाई की सेवानिवृत्ति के बाद आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। श्रीमती शरण भारतीय सूचना सेवा के 1990 बैच की अधिकारी हैं।

तीन दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने वित्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना और प्रसारण जैसे मंत्रालयों के लिए पत्र सूचना कार्यालय अधिकारी के रूप में बड़े पैमाने पर मीडिया प्रचार कार्यों को संभालने वाले कैडर संबंधी दायित्वों को निभाया है। वह भारत निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता के रूप में भी काम कर चुकी हैं।

साथ ही, उन्होंने ओएसडी (सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सूचना नीति, 2000–2002) के कैडर पोस्ट पर काम करने और 2007–2008 में एलएसटीवी, लोकसभा सचिवालय में निदेशक, प्रशासन एवं वित्त के रूप में दायित्व निभाने के अलावा केन्द्रीय कर्मचारी योजना प्रतिनियुक्ति के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय [पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली विभाग/आयुष विभाग (2002–2007)] और वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग 2013–2017) में निदेशक के रूप में भी काम किया है। पदभार संभालने पर, सुश्री शरण का पत्र सूचना कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।



## संपादकीय

# बीजेपी के लिये मौका: कांग्रेस-बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला सहारनपुर में प्रथम चरण में मतदान होना है। मुस्लिम बाहुल्य यह सीट बीजेपी के लिये हमेशा चुनौती बनी रही है। यहां तक की 2019 में मोदी लहर के बावजूद यहां से बसपा प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान 20 हजार वोट से विजय रहे थे। दुनिया भर में इस्लामी तालीम के लिए विख्यात दारुल उलूम संस्थान भी सहारनपुर के देवबंद कस्बे में स्थित है। सहारनपुर सीट पर पिछले चुनाव की बात करें तो बसपा प्रत्याशी हाजी फजुलर्रहमान ने बड़ी जीत दर्ज की थी। उस चुनाव में सपा-बसपा और कांग्रेस का गठबंधन था, ऐसे में विपक्षी गठबंधन के वे संयुक्त विजेता रहे थे। दूसरे नंबर पर बीजेपी के राघव लखनपाल शर्मा रहे थे, जिनके खाते में 4,91,722 वोट गए थे. उस चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार को 20 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर बीजेपी और दो सीटों पर समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की। बीजेपी के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सपा के हिस्से में आई। सहारनपुर सीट पर सबसे ज्यादा बार कांग्रेस की जीत हुई है। 1952 से लेकर 1971 तक कांग्रेस का ही इस सीट पर दबदबा रहा है। इस सीट से दो बार अजित प्रसाद और दो बार सुंदरलाल सांसद चुने गए। 1984 में भी कांग्रेस ने वापसी करते हुए इस सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2004 में सपा तो 2009 में बसपा ने यहां जीत का परचम लहराया था। 2014 की मोदी लहर में जरूर बीजेपी ने इस सीट को अपने नाम किया था। अब पिछले चुनाव में विपक्ष ने सहारनपुर से जीत दर्ज की थी।

सहारनपुर के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर मुस्लिम समुदाय के ज्यादा लोग हैं, उनकी संख्या 35 फीसदी से ज्यादा है। इस सीट पर दलित फैक्टर भी मायने रखता है और उन पर बहुजन समाज पार्टी की मजबूत पकड़ है, गुर्जर-सैनी जैसी जातियां भी निर्णायक भूमिका निभा जाती हैं। बसपा के संस्थापक कांशीराम 1998 के लोकसभा चुनाव में यहां से न केवल बीजेपी के नकली सिंह हार गए थे, बल्कि तीसरे नंबर पर चले गए थे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के रशीद मसूद थे। 1996 और फिर 1998 में बीजेपी से नकली सिंह सांसद बने थे। इसके बाद 2014 तक बीजेपी के लिए सूखा रहा। 2014 में हुए चुनाव में मोदी लहर में बीजेपी के राघव लखनपाल ने जीत हासिल कर सूखा खत्म किया था। इस बार भी बीजेपी ने राघव लखनपाल पर भरोसा जताया है।

# बुजुर्ग महिला की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** घोड़ी गांव में भैंस खुलने की शिकायत करने पर बुजुर्ग महिला की पड़ोसी ने लाठियों से पीट-पीटकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक महिला के पति की शिकायत पर दो महिलाओं सहित पांच के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी राहुल को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। चांदहट थाना प्रभारी दलवीर सिंह के अनुसार, घोड़ी गांव निवासी कुंदन ने दी शिकायत में कहा है कि वह मेहनत-मजदूरी करता है। मंगलवार को वह



और उसकी पत्नी 62 वर्षीय रतिया घर पर थे। उनके घर के पड़ोस में एक प्लाट में उनकी व पड़ोसियों की भैंस बंधी हुई थी। पड़ोसियों की भैंस खुटे से खुल गई तो उसकी पत्नी रतिया ने पड़ोसियों को आवाज लगाकर कहा कि तुम्हारी भैंस खुल गई है। आवाज लगाने के बाद उसकी पत्नी घर की तरफ चल दी, उसी दौरान पड़ोसी राहुल हाथ में लाठी लेकर आया और उसकी पत्नी के सिर पर तीन-चार वार कर दिए। जिससे उसकी पत्नी रतिया लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। पीड़ित दौड़कर अपनी पत्नी को जमीन से उठाया और पड़ोसियों से इस बारे में कहा तो उनकी मद्द करने की बजाए पड़ोसी आरोपी राहुल के परिजन रोहित, बिजेंद्री, नेहा व राजपाल ने उन्हें ही जान से मारने की कोशिश और इस बारे में कोई कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित पड़ोसियों से जान बचाकर वहां से भाग आए। पीड़ित ने इसकी शिकायत 112 नंबर पर पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी ने अपने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पुलिस पर पथर फैंकने लगा। जिसके बाद और पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस ने मृतक के पति की शिकायत पर उक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

# शहीद मंगली राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोड़ी नए सत्र के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव मनाया

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** शहीद मंगली राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोड़ी नए सत्र के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। योगाचार्य गुरमेश सिंह के नेतृत्व में वैदिक यज्ञ संपन्न कराया गया। प्रधानाचार्य ओमवीर सिंह सहरावत ने यजमान की भूमिका निभाई। पलवल केंद्रीय आर्य सभा के अध्यक्ष वैदिक विद्वान मदन मोहन आर्य यज्ञ के ब्रह्मा रहे। विद्यालय में विद्यार्थियों के पहुंचने पर चंदन का टीका एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा गांव की गली-मोहल्ले मे रैली निकाल कर घर-घर जाकर अभिभावकों और बच्चों को विद्यालय में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओमवीर सहरावत, योगाचार्य गुरमेश सिंह, प्रवक्ता राम सिंह, राघवेंद्र, मुकेश, शिवकुमार शास्त्री, अमित कुमार, प्रताप जाखड़, मनोज व अंकित मुख्य रूप से मौजूद रहे।




# विभाग द्वारा गांव धतीर में अवैध रूप से काटी रही कॉलोनी में की तोड़फोड़



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा मंगलवार को गांव धतीर में अवैध रूप से काटी रही कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई। विभाग ने जेसीबी मशीन की सहायता से 200 मीटर रोड, डीपीसी, बिजली के खंभा तोड़ दिए। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कार्रवाई कंट्रोल क्षेत्र अधिनियम 1963 के तहत की गई। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई में अधिक सख्ती बरती जाएगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वालों के मंसूबे पूरे न हो सके। सभी अवैध कॉलोनियों में आमजन को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं। जनता से अनुरोध है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें तथा अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। कोई भी अवैध कॉलोनी में निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

# मंडी में बढ़ती जा रही सरसों बेचने वाले किसानों की संख्या

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना की नयी बानाज मंडी में सोमवार से शुरू हुई सरसों की खरीद के बाद मंडी में आने वाले किसानों की संख्या बढती जा रही है। किसानों की बढती संख्या को नियंत्रित करने तथा खरीद सुचारू रूप से किए जाने की व्यवस्था बनाने के लिए मार्केट कमेटी की ओर से सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक किसानों को गेटपास जारी करने का निर्णय लिया है। खरीदी गई सरसों का शीघ्रता से उठान करने के लिए कहा गया है। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि किसानों की सुविधा के मंडी में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से 5650 रूपये की दर से सरसों की खरीद की जा रही है। जिसका भुगतान 72 घंटे के अंतराल में किया जा रहा है।

# बासोडा पर्व पर बव्वा में आज लगेगा शीतला माता का मेला



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** आज बुधवार 3 अप्रैल को बव्वा में शीतला माता मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी की ओर से पखवाडेभर पूर्व से इसकी व्यापक तैयारियां की जा रही थी। चंद्रभान व सुरेंद्र यादव ने बताया कि माता मंदिर प्रांगण में सोमवार, को रात्री जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकारों ने रातभर भजनों के माध्यम से माता का गुणगान किया। मंगलवार 2 अप्रैल को सुबह 10 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बुधवार 3 अप्रैल को आयोजित मेले में दूर-दराज से आए श्रधालु हिस्सा लेगें जो माता मंदिर में मत्था टेक मन्नतें मागेंगें। बासोड़ा पर्व पर आयोजित इस मेले में नवविवाहित जोड़ों द्वारा पूजा-अर्चना का विधान है वहीं नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार भी किया जाता है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला कमेटी तथा पुलिस कर्मचारियों को मुस्तैद किया गया है।

# विद्यार्थियों ने नांगल मोहनपुर में निकाली मतदाता जागरूता रैली



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल मोहनपुर में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं में करीब 65 नए विद्यार्थियों के दाखिले किए गए। विद्यालय की प्राचार्य इंचार्ज सरला कुमारी ने बताया कि प्रवेश उत्सव के दरम्यान कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रवेश के बाद लोकतंत्र उत्सव मनाने के लिए विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूक्ता रैली निकाली। उन्होंने कहा कि देश में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं को लोकतंत्र उत्सव में हिस्सा लेना चाहिए। अत्यधिक मतदान स्वस्थ लोकतंत्र की प्रथम सीढी है। उन्होंने निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,विद्यार्थी एवं अभिभावक हाजिर थे।

# टोल बढ़ोतरी को लेकर संघर्ष समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

समाचार गेट/संजय राघव

**सोहना।** टोल टैक्स पर बढ़ोतरी को लेकर टोल संघर्ष समिति ने सोहना एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया व एसडीएम को ज्ञापन सोपा। इस मौके पर टोल संघर्ष समिति के सदस्य ने आरोप लगाया कि तो उनके समीप लगते 22 गांव को राहत दी जाए। वही टोल पर लगे कर्मचारियों के दुर्व्यवहार का आरोप भी तो संघर्ष समिति ने लगाया है। इस मामले में संघर्ष समिति ने सोहना एसडीएम को विज्ञापन सोपा। हालांकि आचार संहिता के चलते अभी टोल पर नई दरें लागू नहीं की गई है। नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। टोल टैक्स में पांच फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। टोल टैक्स पर बढ़ोतरी को लेकर टोल संघर्ष समिति ने इसका विरोध शुरू कर दिया है । बढे हुए टोल टैक्स को लेकर टोल संघर्ष समिति सोहना एसडीएम को एक ज्ञापन सोपा। टोल संघर्ष समिति के संयोजक सतबीर पहलवान ने कहा कि अगर लोगों को राहत नहीं दी गई तो अगले रणनीति तैयार करके एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा। इस मौके पर सोना एसडीएम सोनू भट्ट ने बताया कि विज्ञापन को आल्हा अधिकारियों को भेज दिया गया है वही कर्मचारियों द्वारा पत्र व्यवहार को लेकर नैशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडियाके अधिकारियों से बात की जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे में टोल दरों में पांच फीसदी बढ़ोतरी की गई है। गुड़गांव-सोहना हाइवे पर घामडोज और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर अलीपुर के बाद हिलालपुर में टोल प्लाजा हैं घामडोज प्लाजा पर कार की एकतरफा यात्रा के टोल 115 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 190 रुपये के बजाय 205 रुपये देने होंगे। अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पांच फीसदी टोल दर बढ़ेगी।

# कनीना-महेंद्रगढ सडक़मार्ग पर हुई दो कारों की टक्कर, बडा हादसा टला

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ सडक़मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप दो कारों की भिंडत हो गई। जिसमें एक कार क्षतिग्रस्त हो गई, चालक की सूझबूझ से बडा हादसा टल गया। इस बारे में भड़फ निवासी शेरसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बीती 31 मार्च को महेंद्रगढ से कनीना आ रहा था कनीना में पेट्रोल पंप के समीप पंहुचा तो सामने से आ रही दूरी कार ने साईड से टक्कर मार दी। जिससे उसकी कार को नुकसान हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने शेर सिंह की शिकायत पर आरोपी कार चालक पवन कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस टीम ने छापेमारी कर बवाना से 6 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर थाना पुलिस टीम ने बवाना में छापेमारी कर एक व्यक्ति से कुल 6 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में थाना अध्यक्ष निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी की ओर एक घर के समीप से 6 बोतल अंग्रेजी शराब जिनमें 3 बोतल ऑल्ड मॉक रम व 3 बोतल मैकडोल रम बरामद हुई। आरोपी व्यक्ति पुलिस को देखकर फरार हो गया। जिसकी पहचान लीला वासी बवाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 12वीं कक्षा पास युवती हुई लापता, केस दर्ज

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से 12वीं कक्षा पास युवति रात्री के समय अकस्मात लापता हो गई। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस बारे में अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी पुत्री तीन दिन पूर्व रात्री के समय लापता हो गई। जिसकी खोजबीन की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने युवति की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या के समाधान के लिए गांवों में संबंधित जेई, उपमंडल अभियन्ता व कार्यकारी अभियन्ता की लगाई डयूटी

समाचार गेट/सतीश खतरी

**लोहारू/बहल/सिवानी मंडी।** गर्मी का मौसम बढ़ रहा है। इसके साथ-साथ पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं भी अधिक हो जाती हैं। आमजन की पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के लिए उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार जनस्वास्थ्य विभाग के एसई ने जेई, एसडीओ व कार्यकारी अभियन्ता की डयूटी लगाई गई है। गांव में पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या बनती है तो नागरिक अपने गांव से संबंधित जेई, एसडीओ व कार्यकारी अभियन्ता से संपर्क कर सकते हैं। गांव बखतावरपुरा, मोहिला, गढ़वा-खरकड़ी, गुढा, कालोद, शेरपुरा, सिढ़ान के लिए एसडीओ उमेद सिंह सोनी के मोबाइल नंबर 9813511614 व जेई ललित के मोबाइल नंबर 9896809340, गांव बुद्धशैली, घंघाला, तलवानी, कलाली, बिधवान, ढ़ाणी भांखड़ा, मोतीपुरा के लिए जेई दीपक कुमार के मोबाइल नंबर 9728053050, गांव झुप्पा कलां, झुप्पा खुर्द-माधोपुरा, मतानी, मिं, मोरक्का, गढ़वा, सिवाच, मंढोली खुर्द जेई अनिल के मोबाइल नंबर 9032716536 पर संपर्क कर सकते हैं। गांव बड़वा, रूपाणा, खेड़ा (ढ़ाणी दयाचंद, ढ़ाणी रोहनात, ढ़ाणी धीरजा, ढ़ाणी), धूलकोट के लिए एसडीओ प्रतीक कुंडू के मोबाइल नंबर 8950235955 व जेई निशांत के मोबाइल नंबर 9671781100, गांव किकराल, लिलस, नलोई, गुरेरा, ढ़ाणी रामजस, सैनीवास, देवसर (ढ़ाणी किशनलाल, ढ़ाणी मिठी, ढ़ाणी शिलांवाली) जेई दीपक के मोबाइल नंबर 9426255000,

पेयजल समस्या बनने पर अधिकारियों से संपर्क करें : डीसी नरेश नरवाल

नागरिकों की पेयजल से संबंधित समस्याओं के समाधान करने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। किसी गांव या मौहल्ले में पेयजल की कोई किल्लत बनती है तो नागरिक अपने इलाके के कार्यकारी अभियंता, एसडीओ व जेई के मोबाइल नंबरों से संपर्क कर सकते हैं। नागरिको से अपील है कि वे पेयजल को व्यर्थ न बहाएं। पानी की कीमत को समझें।

**डीसी ने अधिकारियों को नागरिकों की पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान करने के दिए निर्देश**




**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिसप्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।









# 10 किलोमीटर मैराथन में लडकियों ने मारी बाजी

### जीतो मैराथन में भूमि, दीक्षा भारद्वाज और कामिनी बनी मैराथन विजेता





**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में जीतो संस्था द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन कर अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया गया। सबसे पहले 10 किलोमीटर की मैराथन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान राहुल सिंह, द्वितीय स्थान पर कपिल गंगवार व तृतीय स्थान पर प्रिंस कुमार रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान भूमि नेगी, द्वितीय स्थान पर दीक्षा भारद्वाज तथा तृतीय स्थान कामिनी ने प्राप्त किया।

जीतो फाउंडेशन द्वारा आयोजित 10 किलोमीटर की मैराथन को केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक राजेश नागर, नरेंद्र गुप्ता ने 10, 5 और तीन किलोमीटर की मैराथन को दिखाई हरी झंडी। इस मौके पर मॉर्डन स्कूल सेक्टर-17 की दीक्षा भारद्वाज के कोच ने बताया कि दीक्षा बहुत ही होनहार एंव मेहनती लडकी है, इसके मैडल आने पर हमें गर्व है।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने पलवल में महिला कार्यकर्ताओं से की चुनवी चर्चा



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** हरियाणा प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने आज पलवल जिला भाजपा कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा फूल माला डालकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा की जीत का दावा किया और फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर को वोट देने की अपील की। हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी का पलवल पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

भाजपा जिला कार्यालय पर महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश हित में जो भी कार्य किए गए है उन्हें नीचे धरातल तक जनता के बीच में ले जाना है। भाजपा पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका अहम है। पलवल जिले में भाजपा महिला मोर्चा की टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महिला मोर्चा ने संकल्प लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया गया है। पंचायतों के अंदर महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। नारी शक्ति वंदन अभियान चलाकर महिलाओं को मजबूत बनाने कार्य भाजपा सरकार ने किया है। महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए गए है। लखपति दीदी और ड्रोन दीदी योजना बनाकर महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। भाजपा सरकार की नीतियों से महिलाएं खुश है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंदर सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा परचम लहराएगी। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष चरण तेवतिया, महिला जिलाध्यक्ष आशावती, पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि सेहरावत, अधिवक्ता किरण शर्मा, शीतल थानेदार सहित तमाम भाजपा महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# नूंह को जीरो ड्रॉप आउट बनाना ही हम सभी का उद्देश्य है : सुखबीर सिंह




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह ने नूंह जिले के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया |वहां पर उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों ,अभिभावकों ,धर्म गुरुओं से बातचीत की और आह्वान किया कि यदि हम सभी साथ मिलकर आगे आए और ज्यादा से ज्यादा बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाएं और बच्चों को स्कूल में प्रतिदिन समय से भेजें तो हम नुहू जिले की तकदीर बदल सकते हैं।

शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जिससे हम अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सकते हैं। शिक्षा को किसी के द्वारा बांटा नहीं जा सकता बल्कि शिक्षा बांटने से और बढ़ती है। इसलिए उन्होंने बच्चों को कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन समय से विद्यालय आए और मन लगाकर पढ़ाई करें उन्होंने सभी अध्यापकों को दिशा निर्देश दिए कि वह बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाएं और पढ़ाई के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें |इस मौके पर जिला एफ एल एन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक ने कहा की हमें विशेष तौर से बर्चचियों की शिक्षा पर ध्यान देना होगा और बर्चचियों को ड्रॉपआउट से बचना होगा । इसके लिए यदि बर्चचियों प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल आएंगे तो वह पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेगी और उनका ड्रॉप आउट रेट भी कम होगा। पुनहाना खंड के स्कूलों के निरीक्षण के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ एबीआरसी मुनशरीफ एबीआरसी सुरेंद्र साथ रहे।

## पति ने चाकू से पत्नी-बेटी की घायल

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पत्नी घर में सो रही थी तभी पति ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, शोर मचाने पर उसकी बेटी बचाने आई तो उसको भी घायल कर दिया। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है, महिला का अस्पताल में उपचार चल रहा है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, कैलाश नगर पलवल निवासी मुकेश पत्नी यशवीर ने दी शिकायत में कहा है कि वह प्राइवेट नौकरी करती हैं। पीड़िता रात्रि के समय अपने घर में सोई हुई थी, सुबह करीब पांच बजे अचानक उसका पति आया और चाकू से उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी पति ने उसके मुंह व शरीर पर काफी चोटें मारी। पीड़िता की चीख सुनकर जब उसकी बेटी पायल उसे बचाने के लिए आई तो आरोपी ने बेटी पर भी हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसका पति शराब पीने का आदि है। घायल अवस्था में दोनों मां-बेटी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंची और अपना उपचार कराया। झगड़े में पीड़िता के शरीर पर डॉक्टर ने छह चोट लगी दिखाई है। जिसके बाद पीड़िता ने अपने पति के खिलाफ कैंप थाना की किठवाड़ी पुल चौकी में सोमवार को देर शाम लिखित शिकायत दी। जिस पर जांच करने के बाद कैंप थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को न्याय दिलाया जाएगा।

## हथियार के बल पर जबरन शादी

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** हथियार के बल पर युवती को डरा कर जबरन शादी करने व शादी न करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। सदर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दी शिकायत में कहा है कि भिडूकी गांव निवासी दीपक नामक युवक उसे देशी पिस्तौल दिखाकर डराता है। आरोपी ने हथियार के बल पर उसकी दसवीं कक्षा की मार्कसीट व आधार कार्ड लूट लिए और धमकी दे रहा है कि शादी करेगी तो मेरे साथ अन्यथा वह तेरी शादी कहीं अन्य जगह नहीं होने देगा। यदि तेरे माता-पिता ने तेरी शादी कहीं दूसरी जगह करने की कोशिश की तो तुझे व तेरे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा। इतना ही नहीं आरोपी ने धमकी दी कि जिस लडकेसे तेरी शादी होगी उसे व उसके परिवार को भी खत्म कर दूंगा, क्योंकि मेरी इलाके के गुण्डों के साथ दोस्ती है। जिससे पीड़िता बुरी तरह डरी हुई है, क्योंकि आरोपी ने उसके असल कागजात भी लूटे हुए है। आरोप है कि पीड़िता के घर के दो नंबर है, जिन पर आरोपी फोन करता है और यदि परिवार का कोई भी सदस्य फोन उठा लेता है तो उसके साथ गाली-गलौच कर धमकी देता है। पीड़िता ने दी शिकायत में कहा है कि उसे न्याय दिलाया जाए और उसके लूटे हुए कागजातों को वापस दिलाया जाएगा तथा उसे व उसके परिवार को आरोपी से बचाया जाए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।
















# हरियाणा इनफर्टिलिटी समिति ने 30-31 मार्च को नि :संतान्ता विषय पर किया एक कांफ्रेंस का आयोजन : डॉ सीमा मित्तल

## राजस्थान के नीमराणा फोर्ट में 106 चिकित्सकों ने लिया भाग



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** गत 30-31 मार्च को नीमराना फोर्ट पैलेस में नि:संतान्ता विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया ।आयोजन का मुख्य उद्देश्य उपस्थित चिकित्सक समूह को बांझपन के क्षेत्र में इलाज में हुई नई खोजों की जानकारी, इलाज के दौरान होने वाली समस्याओं पर विचार विमर्श करना तथा इस बीच उठे सवालों का हल देना था। कार्यक्रम की संयोजिका आईएफएस हरियाणा चैप्टर की सेक्रेटरी डॉक्टर सीमा मित्तल ने बताया कि इस कांफ्रेंस में पूरे भारत के विशेषज्ञों ने शिरकत की जिसमें विशेष रूप से आर्मी हॉसपिटल दिल्ली के प्रधान डॉक्टर प्रसाद लेले, डॉक्टर ब्रिगेडियर सुनील टकियार, कर्नल निकिता नरेड़ी, मेजर इपसिता साहू, मेजर पूजा सिंहके अलावा आईएफएस नेशनल प्रेसिडेंट डाक्टर पंकज तलवार, पूर्व प्रधान डॉक्टर के डी नायर, सेक्रेटरी डॉक्टर श्वेता मित्तल, वरिष्ठतम बांझपन विशेषज्ञ डॉक्टर गौरी देवी, डॉक्टर उमेश जिंदल चंडीगढ़ व रेवाड़ी से डॉक्टर गजेंद्र यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेवाड़ी के सिविल सर्जन डॉक्टर सुरेंद्र यादव थे जिन्होंने इस कार्यक्रम की सराहना की। इसके अलावा सोनीपत, हिसार, सिंघाना, नारनौल, महेंद्रगढ़, चंडीगढ़, अंबाला, नोएडा, गुड़गांव, फरीदाबाद और दिल्ली से लगभग 106 चिकित्सकों ने अपने विचार आदान-प्रदान किए। कार्यक्रम में आए हुए युवा पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए विशेष चर्चा की गई और उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डॉक्टर सीमा मित्तल ने बताया इस कांफ्रेंस में सभी ने प्रतिबद्ध होकर कहा की बांझपन के मरीज अत्यधिक मानसिक तनाव से ग्रस्त होते हैं और अक्सर झाड़-फूंक अथवा किसी भी नीम हकीम के चक्कर में पड़कर समय गंवा बैठे हैं जो उचित नहीं है। यदि सही समय पर कारण की पहचान हो सके तो निदान भी संभव है। अत: अनुभवी डॉक्टर के पास जाना समय और पैसे को बचाता है, इसके लिए हरियाणा चैप्टर की तरफ से समय-समय पर गांव में जाकर निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा, जहां आशा वर्कर और आंगनबाड़ी वर्करों को मरीज को सही सलाह देने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी ताकि सही वक्त पर सही उपचार लोगों को मिल सके जो अभी तक इससे वंचित है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर घनश्याम मित्तल, डॉक्टर सोनू बल्हारा, डॉक्टर दिव्या सरदाना, डॉक्टर शालू गुप्ता, डॉक्टर पूजा सिंह, डॉक्टर जया, नीरू, प्रिया नारनौल से डॉक्टर रत्ना सिंघल, डॉ अलका यादव, डॉक्टर रितु शर्मा, बहरोड से डॉक्टर सपना, सिंघाना से डॉक्टर सुनीता बिजारणिया, महेंद्रगढ़ से डॉक्टर स्वाती, डॉक्टर संतोष, पिलानी से डॉक्टर सृष्टि जैन, फरीदाबाद से डॉक्टर नीतिश शर्मा, नोएडा से डॉक्टर सरिता, चौधरी डॉक्टर योगेश कुमार, अंबाला से डॉक्टर मनीषा, डॉक्टर राजीव अग्रवाल, डॉ रोजी अनेजा, एचएससी प्रधान डॉक्टर अनेजा, डॉ प्रीति कटयाल, डॉक्टर सुनीता यादव , सुरेखा एवं डॉक्टर सुरेंद्र तथा अंशु इत्यादि भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम से निसंदेह आने वाले समय में बांझपन के मरीजों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी व लाभ होगा।

# रितेश भार्गव बने लायंस क्लब के प्रधान



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** लायंस भवन मॉडल टाउन में लायंस क्लब की जनरल बॉडी मीटिंग हुई। जिसमें नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन लायन बृजलाल गोयल ने आगामी वर्ष 2024 - 2025 के प्रधान के लिए लायन रितेश भार्गव एडवोकेट के नाम का चयन किया। इस पर सभी लायंस क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति जताई,और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। क्लब के पूर्व प्रधान राकेश गर्ग ने बताया कि इस इस मौके पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन अशोक सोमानी एमजेएफ, लायन रजनीकांत सैनी, लायन अनिल भार्गव, लायन सतीश अग्रवाल, लायन वीडी शर्मा एडवोकेट, लायन ओपी गुप्ता, लायन आलोक सिंगल, लायन नीरज गुप्ता, लायन अजय डाटा, लायन संदीप गोयल प्रधान, लायन हेमंत सिंगल, लायन कुणाल शर्मा, लायन अभिषेक, लायन जितेश गोयल, लायन दीपक, डॉ तृप्ति भार्गव पूर्व जिला गवर्नर लायनेस क्लब, शेफाली गोयल, पल्लवी, पूजा भार्गव, रितु भार्गव बबीता, मोनिका आदि उपस्थित थे। नव निर्वाचित प्रधान लायन रितेश भार्गव एडवोकेट ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे क्लब की जो जिम्मेदारी आप लोगों ने दी है, उसका मैं अपनी सच्ची लगन से निर्वाह करूंगा और समाज हित के लिए काम करूंगा। नवनियुक्त प्रधान ने अपनी कार्यकारिणी में जितेश गोयल को सचिव व सचिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

# रेवाड़ी के बच्चों ने दिल्ली में हुए डांस कंपटीशन में दिखाया जलवा




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, रेवाड़ी के बच्चों ने नई दिल्ली में हुए झंकार, डांस कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया। इस आयोजन में अलग अलग तरह की डांस परफॉर्मेंस की गई जैसे की भरतनाट्यम, कथक, ओडीसी, मोहिनीअट्टम, क्लासिकल, इण्डियन, फोक और मॉडर्न। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के बच्चो ने भी भाग लेकर अच्छी प्रस्तुति पेश की जिसमें उन बच्चो को ईनाम भी मिले। यह रेवाड़ी का इकलौता डांस स्कूल है जो इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से मान्यता प्राप्त एक ट्रस्ट संस्था से जुड़ा हुआ है।

यहाँ क्लासिकल नृत्य जैसे कथक, वाद्ययंत्र, गिटार, तबला आदि और साथ में छोटे बच्चों को आर्ट भी सिखाया जाता है। इस प्रतियोगिता में जितेंद्र गुरु जी ने जयपुर घराने का कथक नृत्य सिखाया और बच्चों को प्रोत्साहित किया, जिसे देखते हुए कथक डांस ग्रुप के बच्चो को प्रथम प्राइज मिला। सेमी क्लासिकल ग्रुप को भी प्रथम प्राइज मिला, सोलो क्लासिकल कथक में छात्रा ऋषिका तृतीय पोजीशन पर आयी। सोलो क्लासिकल कथक में तृतीय पोजीशन पर शेफाली और ऐश्ना, डुएट क्लासिकल कथक में प्रथम पोजीशन पर कायरा और तृषा, सेमी क्लासिकल सोलो में प्रथम पोजीशन पर तिशा। सीनियर ग्रुप की सेमी क्लासिकल सोलो जूनियर ग्रुप में प्रथम पोजीशन पर अर्शवि, सेमी क्लासिकल सोलो मे द्वितीय पोजीशन पर शताक्षी आई। संस्थान ने सभी बच्चों को बधाई दे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री शिव महापुराण कथा में आया मंद बुद्धि व्यक्ति स्टेशन से हुआ लापता

**स्टेशन पर पति सोता रहा पत्नी मोबाइल लेकर हुई चंपत।**

**बावल में टिकट काउंटर चलाने वाला भी हुआ लापता।**

**तीनों का नहीं मिला कोई सुराग, जीआरपी ने किया मामला दर्ज।**

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** स्टेशन परिसर से 20 मार्च को एक मंदबुद्धि व्यक्ति लक्ष्मण सिंह उम्र 35 वर्ष लापता हो गया था। जिसका घर पर पहुंचने का अंदेशा भी था, इसलिये उसकी माता ने वापिस अपने घर जाकर उसको आस-पास व रिश्तेदारियो मे भी तलाश किया जब वह घर नहीं पहुंचा तो आखिरकार लक्ष्मण की माता गीता देवी गांव पातड़ा मंडी जिला पटियाला (पंजाब) ने दिनांक 27 मार्च 2024 को वापिस रेवाडी आकर थाना जी.आर.पी रेवाडी मे अपने बेटे की गुमशदगी की दरखास्त दी। जीआरपी महिला एएसआई रेखा ने बताया कि परिवार व ड्यूटी स्टाफ ने स्टेशन परिसर क्षेत्र में व्यक्ति की खोजबीन की, लेकिन वह कहीं नही मिला। जिस पर जीआरपी ने दरखास्त के आधार पर 27 मार्च को ही इस संबंध मे धारा 346 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। गुमशुदा लक्ष्मण की उम्र 35 वर्ष है, हाथ पर टैटू बना हुआ है व सिर के बीच से बाल उडे हुए है तथा गुम होने के समय हरा मुंगिया रंग का कुर्ता पजामा, हरा शाल डब्बीदार व चप्पल पहने हुए है। उन्होंने बताया कि लक्ष्मण के परिजन गत महीने 19 से 23 मार्च तक रेवाड़ी में हुई शिवपुराण कथा में इस विश्वास से लेकर आए थे कि वह कथा में ठीक हो जायेगा। कथा में शामिल होने से पहले स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद लक्ष्मण अपनी माता के साथ रात्रि में स्टेशन के विश्रामालय में ठहरा था लेकिन अचानक लक्ष्मण कहीं निकल गया।

वहीं रेलवे स्टेशन बावल से भी 5मार्च को एक 42वर्षीय रायपुर जिला रेवाड़ी निवासी मिंटू पुत्र सुभाष चंद लापता हो गया था। जिस बाबत एक दरखास्त गुमशुदगी की बीना देवी पत्नी मिंटू ने जीआरपी को 7मार्च को दी थी। जीआरपी एसआई सतपाल सिंह ने बताया कि मिंटू का बावल रेलवे स्टेशन पर टिकट का एसयूवी काउंटर है।उन्होंने जांच में पता चला कि उसने स्टेशन कार्यलय में टिकट का कैश भी जमा किया है मगर मोबाइल व मोटरसाइकिल भी वहीं छोड़ गया है। मिंटू की गुमशुदगी का मुकदमा धारा 346 आईपीसी के अनुसार दर्ज करके खोजबीन जारी है। मिंटू ने काले रंग की जैकेट, स्लेटी रंग लोवर व स्पोर्ट्स जूते पहने हुए है। जिसकी अभी खोजबीन जारी है। इसी प्रकार सूंडाना थाना कलानौर जिला रोहतक निवासी सुरेंद्र ने अपनी 22वर्षीय पत्नी प्रियंका के रेलवे स्टेशन रेवाड़ी से लापता होने की सूचना जीआरपी को 13 दिसंबर 2023 को दी थी।

जीआरपी एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया रविन्द्र अपनी पत्नी प्रियंका के साथ सजाड़ा धाम जाने के लिए 13 दिसंबर 2023 को रेवाड़ी स्टेशन आए थे जब वे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 4-5 पर आराम कर रहे थे तो रविंद्र को नींद आ गई। इसी दौरान उसकी पत्नी प्रियंका मोबाइल लेकर कहीं निकल गई।उसने काफी तलाश करने के बाद जीआरपी में रिपोर्ट दी। प्रियंका ने पिंक रंग जैकेट, आसमानी सूट व सफेद जूते पहने हुए है।जिसकी काफी खोजबीन की जा रही है लेकिन अभी तक कोई जानकारी नही मिली है। जीआरपी ने आमजन से आग्रह किया है कि गुमशुदा व्यक्ति की कोई जानकारी मिले तो जी.आर.पी रेवाड़ी के दूरभाष 01274-225213 पर सूचना दे।




# रेवाड़ी पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालो पर कसा शिकंजा, मार्च माह में 8103 वाहनों के किए चालान

## मार्च माह में करीब 90 लाख रुपये का चालान कर नियम तोड़ने वालों को सिखाया सबक



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए रेवाड़ी पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाही करते हुये मार्च माह 2024 मे 8103 वाहनों के चालान करते हुए 41 वाहन इंपाउंड किए गए। इन वाहनों में मुख्यत: 6 बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल, 5 ब्लैक फिल्म वाहन, रॉन्ग पार्किंग 667, ओवर स्पीड 26, विदाउट हेलमेट 4430, विदाउट सीट बेल्ट 232, मोबाईल फोन यूज करने के 46 एवं 1746 लेन चेंज करने के वाहन शामिल है। साथ ही इन पर 89 लाख 82 हजार 900 रुपए का जुर्माना किया गया। रेवाड़ी पुलिस का उद्देश्य रेवाड़ी की सड़कों को सुरक्षित बनाकर होने वाले सड़क हादसो को रोकना है। रेवाड़ी पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए मार्च माह में विभिन्न सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। रेवाड़ी पुलिस आमजन से अपील करती है कि आपने नाबालिक बच्चों को वाहन ना चलाने दें, दोपहिया वाहन पर केवल दो ही लोग सफर करें, हेलमेट का प्रयोग करें, गलत दिशा में वाहन न चलाएं व सभी यातायात नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व निभाए और सड़क हादसों पर लगाम लगाने में रेवाड़ी पुलिस का सहयोग करे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी श्री शशांक कुमार सावन ने बताया कि बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल एवं ब्लैक फिल्म कार गाड़ी के संबंध में आप नंबर नोट करें या फोटो खींचकर यातायात थाना प्रबंधक के मोबाइल नंबर 7056666132 अथवा सम्बंधित थाना प्रबंधक के मोबाइल पर सीधा भेज सकते है ताकि उन पर नकेल कसी जा सके। सूचना भेजने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।






# अब जजपा कांग्रेस से गठबंधन के मूड में, शर्त वही दो लोकसभा सीट






**समाचार गेट ब्यूरो**

हरियाणा में भाजपा से गठबंधन टूटने के बाद जननायक जनता पार्टी अब कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड में है. जेजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है हरियाणा में कांग्रेस उनके साथ गठबंधन करें. शर्त वही है जिस कारण बीजेपी के साथ उनका गठबंधन टूटा था. जेजेपी को हिसार और भिवानी सीट देकर बाकी सीटों पर कांग्रेस-जेजेपी साथ चुनाव लड़ें, तो बीजेपी का प्रदेश से पतन निश्चित होगा. देवेंद्र कादियान ने कहा कि जेजेपी पहले नवरात्रि पर प्रदेश में अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी करेगी. सभी 10 सीटों पर मजबूत उम्मीदवारों को उतारा जाएगा. देवेंद्र कादियान ने कहा कि गठबंधन का टूटना अच्छा है, क्योंकि बीजेपी सरकार से किसान और ग्रामीण वोटर हमसे और हमारे इस गठबंधन से नाराज थे. दुष्यंत चौटाला ने 5100 रुपये पेंशन करने की बात कही थी, जोकि 3100 तक ले आए थे. गठबंधन जब टूटा, तब दुष्यंत चौटाला ने सभी कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही.

**फैमिली आईडी होगा सरकार के पतन का कारण**

देवेंद्र कादियान ने कहा की इस सरकार ने गरीबों के हित में कोई कार्य नहीं किया. फैमिली आईडी एक ऐसा मुद्दा है, जिसने गरीबों को उनके हक से भी वंछित कर दिया है. फैमिली आईडी में गलतियां और पात्र लोगों के बीपीएल लिस्ट से हटाना कहीं न कहीं भाजपा के पतन का कारण बनेगा. इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसे अनेकों लोगों की लंबी लिस्ट है, जोकि फैमिली आईडी में अपनी इनकम कम दिखाकर सरकारी सुविधाओं का लाभ रहे हैं.

एक तरफ जेजेपी का कांग्रेस के साथ गठबंधन का मूड भी है. वहीं, भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान के मुताबिक, जेजेपी चुनाव में सिर्फ वोट काटने के लिए आ रही है. देवेंद्र कादियान ने पलटवार करते हुए कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा करनाल लोकसभा सीट पर मनोहर लाल खट्टर को कोई और नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी ही जितवाएगी. एक तरह से कांग्रेस पार्टी और भाजपा की फिक्सिंग हो चुकी है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवार भी मैदान में नहीं उतारे है. जल्द ही कांग्रेस को भी सर्वे कर करनाल लोकसभा सीट से मजबूत कैंडिडेट को उतारना चाहिए

# घोषणा तो कर दी, लेकिन धरातल पर सरसों, गेंहू के खरीद के पुख्ता प्रबंधों का भारी अभाव : विद्रोही

**एक किसान से केवल 25 क्विंटल सरसों ही खरीदी जा रही है। सवाल उठता है कि जिन किसानों के खेतों में 25 क्विंटल से ज्यादा सरसों उत्पादन हुआ है, उन्हे एमएसपी देने से वंचित क्यों किया जा रहा है? विद्रोही**

**जो किसान अनाज मंडी में 20 से 24 घंटे सरसों बेचने के लिए खडा हो और उनमें से लगभग आधे किसानों की सरसों ज्यादा नमी के नाम पर रिजेक्ट कर दी जाये तो यह खरीद के नाम पर नौटंकी नही तो क्या है? विद्रोही**



**समाचार गेट ब्यूरो**

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि किसानों को भावनात्मक रूप से ठगने 26 मार्च से सरसों व 1 अप्रैल से गेंहू की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद की घोषणा तो कर दी, लेकिन धरातल पर सरसों, गेंहू के खरीद के पुख्ता प्रबंधों का भारी अभाव है। विद्रोही ने आरोप लगाया कि दक्षिणी हरियाणा अहीरवाल में हालात यह हे कि न तो सरसों की एमएसपी 5650 रूपये प्रति क्विंटल और न ही गेंहू 2275 रूपये प्रति क्विंटल भाव से खरीदने के पुख्ता प्रबंध है। एक अप्रैल को गेंहू की सरकारी खरीद एमएसपी पर करने की घोषणा के बाद भी सरकारी खरीद प्रारंभ नही हुई है। वहीं सरसों की फसल 5650 रूपये प्रति क्विंटल खरीद की नौटंकी तो हो रही है, पर किसानों की पूरी सरसों नही खरीदी जा रही है और टोकन मिलने पर भी 40 से 50 प्रतिशत किसानों की सरसों नमी ज्यादा होने का बहाना बनाकर खरीदी नही जा रही है।विद्रोही ने कहा कि एक किसान से केवल 25 क्विंटल सरसों ही खरीदी जा रही है। सवाल उठता है कि जिन किसानों के खेतों में 25 क्विंटल से ज्यादा सरसों उत्पादन हुआ है, उन्हे एमएसपी देने से वंचित क्यों किया जा रहा है? वहीं अहीरवाल की मंडियों में किसानों की सरसों बेचने के लिए ट्रेक्टर-ट्रालियों की लम्बी-लम्बी लाईने लगी है। किसानों को टोकन लेने में ही 8 से 10 घंटे लग रहे है। फिर 6-7 घंटा सरसों में कितनी नमी है, इसके इंतजार में खडा रहना पडता है। इस तरह एक किसान की सरसों खरीद का नम्बर 15 से 20 घंटे की मशक्कत के बाद आता है। 15 से 20 घंटे इंतजार करने के बाद 40 से 50 प्रतिशत सरसों उत्पादक किसानों को कहा जाता है कि उनकी सरसों में 8.5 प्रतिशत से ज्यादा नमी है, इसलिए एमएसपी पर सरकार उनकी सरसों नही खरीदेगी। सवाल उठता है कि जो किसान अनाज मंडी में 20 से 24 घंटे सरसों बेचने के लिए खडा हो और उनमें से लगभग आधे किसानों की सरसों ज्यादा नमी के नाम पर रिजेक्ट कर दी जाये तो यह खरीद के नाम पर नौटंकी नही तो क्या है?

विद्रोही ने कहा कि जो किसान अपने घर से सरसों बेचने के लिए मंडी में आ चुका और 20 से 24 घंटे बाद उसे कहा जाये कि उसकी सरसों ज्यादा नमी के कारण रिजेक्ट हो गई, ऐसा किसान क्या अपनी सरसों को वापिस घर ले जायेगा? जावब है नही क्योंकि वह ट्रेक्टर का किराया यदि दो बार देगा और दो दिन तक फिर लाईन में लगेगा तो उसे परेशानी के सिवाय कुछ नही मिलने वाला। ऐसी सूरत में अहीरवाल की मंडियों में सरसों बेचने वाले लगभग आधे किसान सरसों रिजेक्ट होने के कारण मजबूरी में अपनी सरसों 5650 रूपये प्रति क्विंटल की बजाय लगभग 5 हजार भाव पर व्यापारियों को बेचने को मजबूर हो रहे है और आधे किसान को सरसों की एमएसपी नही मिल रही। विद्रोही ने कहा कि ज्यादा नमी के नाम पर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के नेता व व्यापारी मिलकर किसान की सरसों को एमएसपी देने से वंचित करके उसे लूट रहे है।

# कर्मचारियों की कार्यप्रणाली एवं दक्षता में किया जाएगा सुधार : मुख्य सचिव



**कार्यालयों में पूर्ण रूप से स्वच्छता बनाए रखने के दिए निर्देश**

**कर्मचारियों से कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए मांगे सुझाव**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों की कार्यप्रणाली एवं दक्षता में सुधार किया जाएगा ताकि सरकारी कार्य तत्परता के साथ पूरे किया जा सके। उन्होंने कार्यालयों में पूर्ण रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव आज हरियाणा सिविल सचिवालय में औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की वर्किंग बारे जानकारी ले रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने कार्यालयों में पूर्ण रूप से स्वच्छता बनाए रखें। यदि उन्हें किसी प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है तो उस बारे तुरंत अपने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि उसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। मुख्य सचिव ने सचिवालय में कर्मचारियों की कार्य प्रणाली बारे गहनता से जाना और इसमें सुधार करने के लिए अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी कार्यालय में समय पर आए और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा अपने कार्य को पूर्ण जिम्मेवारी और दायित्व के साथ निभाएं। यदि कर्मचारी अपने कार्य में किसी प्रकार की कोताही बरतेंगे तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए सुझाव भी मांगे। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को नैतिकता एवं सिद्धांत के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने हेतु कर्मयोगी कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें लगभग 3 लाख से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि कर्मचारी निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इस प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में अवश्य ही सुधार आएगा। मुख्य सचिव ने राजनैतिक एवं संसदीय कार्य शाखा, कैबिनेट शाखा, मानव संसाधन शाखा, सेवाएं शाखा, प्रशिक्षण शाखा, मुख्यमंत्री सचिवालय शाखा सहित अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विशेष सचिव पर्सनल श्री प्रभजोत सिंह, विशेष सचिव मानव संसाधन श्री आदित्य दहिया, संयुक्त सचिव गृह राधिका सिंह, डीएसीएस अनिल भारद्वाज सहित कई अधिकारी साथ रहे।

# वह आपके बीच का है, आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र का पिछड़ापन करेंगे दूर : राव बहादुरसिंह

## जिला बार एसोसिएशन में पहुंचे लोकसभा के जजपा प्रत्याशी, एसोसिएशन ने किया स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन में मंगलवार भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के जजपा प्रत्याशी राव बहादुरसिंह पहुंचे। वहां एसोसिएशन की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के प्रधान मनजीत यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर राव बहादुरसिंह ने कहा कि वह आपके बीच का है। सदैव आपके सुख-दुख में शामिल होने का मौका मिला है। अब निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव होने है। पहले जीते हुए राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशियों को आप 10-15 साल से देख रहे है। इस क्षेत्र के प्रति सभी का रवैया दोगला रहा है। यह क्षेत्र पिछड़ों में शामिल है। शिक्षा जगत में तो निजी संस्थानों की मेहनत से जिला प्रदेशभर में अव्वल है। इसके अलावा बाकी मामलों में जिला महेंद्रगढ़ ही नहीं दादरी व भिवानी भी पिछड़े है। उन्होंने कहा कि 10 साल जिन्हें जनता की आवाज को उठाने के लिए संसद में भेजा, उन्होंने एक बार भी आवाज नहीं उठाई। इसी का परिणाम है कि इन 10 सालों में वह केंद्र की कोई योजना भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में नहीं लेकर आए। इसका क्षेत्र के लोगों को मलाल है। अब समय आ गया है परिवर्तन कर क्षेत्र का भाग्य बदले। वह सदैव आपके बीच रहा है और रहेगा।

आशीर्वाद मिला और उन्हें संसद में पहुंचने का मौका मिला तो तीनों जिला से पिछड़ेपन का दाग तो हटाएंगे ही, विकास कार्यों में प्रदेशभर में अव्वल स्थान पर इस क्षेत्र को आगे लाने का प्रयास भी करेंगे। इस काम में किसी तरह की चूक ना हो, इसके लिए सभी को एकमत होना होगा और खुद की चुनावी लड़ाई समझकर लड़नी होगी। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन की ओर से प्रधान मनजीत यादव ने राव बहादुरसिंह का स्वागत किया। इस मौके पर जाट महासभा के जिला प्रधान विजयपाल एडवोकेट, कर्णसिंह यादव एडवोकेट, जसवीरसिंह ढिल्लो, रामजीलाल यादव, उमराव सिंह कौशिक, सुरेंद्र ढिल्लो, प्रमोद तांखर, रणधावा सिंह, सचिव सुमित गुर्जर, अजय चौधरी, पवन तिगरा, नीरज बड़ेसरा, रामजीलाल यादव बिगोपुर के अलावा जजपा पार्टी से जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, डीएन यादव, सिकंदर गहली, कुलदीप कलवाड़ी, रविंद्र गागड़वास, विरेंद्र बनिहाड़ी, भोजराज यादव, महेंद्र बड़ेसरा, बेदुराता, महेंद्र खन्ना, राजकुमार जांगड़ा, विरेंद्र घाटासेर, संदीप भांखर, नवीन राव, विष्णु सरपंच, रामकुमार मकसूसपुर, हरचंद तोबड़ा, लक्की सरदार, माडूराम, धीरज शर्मा, सुबेदार रणबीर पुनिया, दीपक यादव, सुनील राव, बजरंग गुर्जर, हुकमचंद, कुनाल शुक्ला, रवि भालोठिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मेले और दंगल हमारी सांस्कृतिक धरोहर : राव सुखबिन्द्र सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** मेले और दंगल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा हैं। शेखपुरा में लगने वाला शीतला माता का मेला इस इलाके का प्राचीन और सबसे बड़ा मेला है

उक्त विचार सोमवार देर सांय शेखपुरा स्थित शीतला माता के मेले में आयोजित दंगल और खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थिति को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जो लोग खेलों में भाग लेते हैं वे न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत हो जाते हैं। यदि युवा पीढ़ी को नशे और अपराधों से बचाना है तो उन्हें खेल से जोड़ना होगा। खिलाडी मानसिक रूप से मजबूत हो जाते हैं और तनाव में नहीं आते, जिससे वे नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रहते हैं।

उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है। इसलिए खिलाडी को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए, बल्कि अपना अभ्यास बढ़ाना चाहिए, ताकि अगली बार विजयी हो सके। उन्होंने कहा कि उनके पिता राव मानसिंह खुद अच्छे पहलवान थे और उन्होंने अपनी युवावस्था में कई वर्ष तक लगातार इस दंगल को जीता था।

राव सुखबिन्द्र सिंह ने मेला कमेटी को 21 हजार रूपये का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। इससे पूर्व श्री राव को मेला कमेटी की तरफ से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कैप्टन अभिजीत यादव, पूर्व सरपंच और कमेटी के प्रधान निहालसिंह सैनी तथा मेला कमेटी के पदाधिकारी, खिलाडी और ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसीबी की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में गत दिवस दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम मंडल की टीम ने भ्रष्टाचार में संलिप्त आरोपी राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा 9 दिसंबर 2023 को भ्रष्टाचार संबंधी मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मामले की पुष्टि की और आरोपी को 1 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी गुरुग्राम में अपने सह आरोपी के साथ मिलकर ट्रकों से मासिक तौर पर पैसा लेता था जिसे वह तत्कालीन मोटर व्हीकल ऑफिसर को देता था। इसी प्रकार, एक अन्य मामले में गुरुग्राम मंडल की एसीबी टीम ने जीएसटी निरीक्षक जितेंद्र बरवड़ को भी रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्तमान में सीजीएसटी कार्यालय गुरुग्राम में कार्यरत है। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से लंबित सरकारी काम करने के बदले में रिश्वत की मांग कर रहा था। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल होगी हर वर्ग व हर क्षेत्र की राय : धनखड़

## घोषणा पत्र के लिए देश भर से मिले लाखों लोगों के गंभीर सुझाव- बोले धनखड़



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गठित चुनाव घोषणा पत्र समिति सदस्य एवं राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में हर वर्ग और हर क्षेत्र से व्यापक राय ली गई है। पार्टी का घोषणा पत्र देशवासियों की भावनाओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में प्रथम दौर की मैराथन बैठक हो चुकी है, अगली बैठक चार अप्रैल को प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि देशवासी चाहते हैं कि भारत फिर से सोने की चिड़िया बनें, गौरवशाली भारत बनें, वैभवशाली भारत बनें। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देशवासियों की इच्छाओं का सम्मान करते हुए कमेटी शानदार घोषणा पत्र तैयार कर रही है। राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि घोषणा पत्र पर राय लेने के लिए 916 वीडियो वैन देशभर में तीन हजार दो विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची और 37 हजार से अधिक गंभीर सुझाव लिए, पार्टी की मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से तीन लाख 77 हजार सुझाव प्राप्त हुए, नमो एप के माध्यम से एक लाख 67 हजार सुझाव प्राप्त हुए हैं। ये बहुमूल्य सुझाव हर वर्ग और हर क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने दिए हैं। इन सभी सुझावों का भाजपा सम्मान करती है। इन सुझावों को केटेगरी वाइज करते हुए इन पर व्यापक चर्चा हो रही है। इन्ही सुझावों के आधार पर भारत को नये पायदान पर लेकर जाने वाला घोषणा पत्र तैयार होगा। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में हर वर्ग और हर क्षेत्र के साथ गरीब,किसान, युवा, महिला, व्यापारी, दुकानदार, कामगार आदि के उत्थान की बात कही और पूरी की है। ढांचागत विकास के नये आयाम स्थापित किए। सेना का आधुनिकीकरण, फौज को दुश्मन के घर में जाकर प्रतिकार की छूट, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनवाया, तीन तलाक का खात्मा, कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति सहित देश को आगे बढ़ाने के अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

श्री धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में इस बार भाजपा 400 पार के संकल्प को जनता जर्नादन के आशीर्वाद से पार्टी का हर कार्यकर्ता पूरा करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और दिल्ली की 17 सीटें हैं सभी पर फिर से भाजपा को जिताने का मन जनता जर्नादन बना चुकी है। आम आदमी पार्टी की स्थापना करने वालों ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को खत्म करने का वादा जनता से किया था । सत्ता मिलते ही भ्रष्टाचार में डूब गए और अब कांग्रेस के साथ खड़े हैं। आधी सरकार भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है । इन लोगों पर कौन विश्वास करेगा। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की मूल्य विहीन राजनीति पतन का यही कारण है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# मतदाताओं को जागरूकता रैली के माध्यम से दिया गया मतदान करने का संदेश

## पीएम श्री विद्यालय बावल में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में विद्यार्थियों द्वारा डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के 8वीं कक्षा के विद्यार्थी वंश कुमार पुत्र राकेश कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से शुरू होकर बावल शहर के मुख्य बाजारों से होती हुई वापस विद्यालय परिसर में पहुंची। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने वाले नारे लिखी तख्तियां हाथ में लिए और नारा लगाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों द्वारा पहले मतदान-फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी-मतदान सबकी जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है-अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे, अब जागो प्यारे मतदाता, वोट हमारा अधिकार-कभी न करें इसका बहिष्कार जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है, भारत के नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। हर नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है उन सभी को 25 मई को लोकसभा आम चुनाव मतदान के दिन मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करना चाहिए और लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए। कोई भी व्यक्ति मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए।

# बत्रा हॉस्पिटल द्वारा लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य जांच अभियान के अंतर्गत बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद के तत्वावधान में ग्राम असावटी-डीग रोड स्थित कम्पनी मैं. सूर्य शक्ति वेसल्स प्राइवेट लिमिटेड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जहां 310 लोगों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उपचार परामर्श दिया गया। यह जानकारी देते हुए बत्रा हॉस्पिटल के जन सम्पर्क अधिकारी बीरेंद्र गौड़ ने बताया कि शिविर में रोगग्रस्त लोगों के लिए बत्रा हॉस्पिटल द्वारा रियायती दरों पर उपचार की सुविधा उपलब्ध की गई है। शिविर में डा. इमरान डा. अंकुर, डा. अमन ने कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों की जांच की। हॉस्पिटल की ओर से मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव सुरेंद्र, सचिन और नर्सिंग स्टाफ में संध्या बघेल व रेनू ने अपनी सेवाएं दीं।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी का पूर्व सीएम हुड्डा और सीएम केजरीवाल पर हमला

# हुड्डा हार के डर से चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं, तो केजरीवाल जेल जाकर भी त्याग पत्र नहीं दे रहे: नायब सैनी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करनाल में घमंडिया गठबंधन के नेताओं के भ्रष्टाचार पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को संगठनात्मक बैठकों में शामिल होने से पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियों के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के दाग लगे हुए हैं, जो जनता को साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली रामलीला मैदान में इन भ्रष्ट नेताओं ने इस तरह का दृश्य पेश किया है जैसे कि ये भ्रष्टाचार में गोल्ड मैडल लेकर आए हैं।



संगठनात्मक बैठने लेने से पहले मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जमकर विपक्ष पर हमला बोला। यहां उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल की कथनी और करनी अलग-अलग है। केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं, लेकिन अभी पद का मोह नहीं छूट रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा हार के डर से चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने एक नई दिशा ली है। हमारी डबल इंजन की सरकार ने संकल्प के रूप में कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पारदर्शी सिस्टम स्थापित कर हरियाणा के विकास को तेज गति दी। सीएम ने कहा कि मोदी और डबल इंजन की सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टोलरेंस पर काम कर रही है।

कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा में देरी के सवाल पर सीएम श्री सैनी ने तंज कसते हुए कहा कि दूसरे दलों में इस बात पर मंथन चल रहा है कि किसी बड़े नेता को भी चुनाव में उतार दिया तो वह हार जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हारने के भय का माहौल बना हुआ है। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए नायब सैनी ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा ने पिछला चुनाव तो लड़ा था, लेकिन अब चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं, यही हार का डर है।

भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी वाले सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई हमारे वरिष्ठ नेता हैं और लगातार उनसे बातचीत होती रहती है। श्री बिश्नाई ने राजस्थान में चुनाव प्रचार किया था और आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी जैसी कोई बात नहीं है।

अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा कि केजरीवाल झूठ बोलते रहते हैं। पहले बोलते थे गाड़ी और घर नहीं लूंगा। अब केजरीवाल के साथ पूरा काफिला घूमता है, शीश महल बना लिया। केजरीवाल बोलते थे भ्रष्टाचार का कोई चार्ज लगा तो तुरंत त्याग पत्र देंगे और जांच कराएंगे। लेकिन अब केजरीवाल तिहाड़ में बैठे हैं फिर भी त्याग पत्र नहीं दे रहे हैं।

**परिजन के निधन से शोक संतप्त कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने दी सांत्वना**

करनाल प्रवास के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी मंगलवार को उन कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों के घर पहुंचे, हाल ही में जिनके परिजन का निधन हुआ है। शोक संतप्त परिजनों को मुख्यमंत्री ने सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री भाजपा कार्यकर्ता अमित सैनी के घर गए और उनकी माता जी के निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री न्यू चार चमन में राजकुमार की माता के निधन पर शोक जताने भी पहुंचे।



मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वामी अभेदानंद जी महाराज के प्रभु चरणों में ब्रह्मलीन होने करनाल के सुभाष गेट स्थित एसबी मिशन सोसाइटी पहुंचे और स्वामी अभेदानंद जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति और सभी दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने की भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, जग मोहन आनंद, पूर्व मेयर रेणू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार भी साथ रहे।

# हरियाणवी सिंगर एमडी रॉकस्टार बने स्वीप कार्यक्रम के जिला ब्रांड एंबेस्डर



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरूग्राम, 02 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव 2024 में जिला में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा के दिशा निर्देशन में विभिन्न प्रकार की जागरूक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूग्राम के रहने वाले व हरियाणवी सिंगर एमडी देशी रॉकस्टार(मनोज कुमार) अब नए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आएंगे।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत एमडी देशी रॉकस्टार को जिला का ब्रांड एम्बेसडर नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि यूथ आइकॉन एमडी रॉकस्टार अब सोशल मीडिया समेत अन्य प्लेटफार्म पर युवाओं के बीच दिखाई देंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही उनका जागरूकता संदेश भी सोशल मीडिया पर लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरातल पर लोगों को जागरूक करने के साथ साथ साथ जिला प्रशासन ने हर हाथ मोबाइल की पहुंच वाली आधुनिक तकनीक से युवाओं के बीच पहुंचने की कारगर रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा कि चूंकि एमडी खुद एक युवा हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर युवाओं के लिए उनका संदेश मतदान के ग्राफ को बढ़ाने के लिए उत्प्रेरक का कार्य करेगा।

## मामला नाबालिका के वीडियो को तोड़-मरोडकर प्रसारित करने का

# मामले में गवाही प्रक्रिया हो गई है शुरू, एसआईटी के अधिकारियों की हुई गवाही, अगली सुनवाई 16 को

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** नाबालिका के वीडियो को तोड़-मरोडकर प्रसारित करने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश शशि चौहान की अदालत में सुनवाई हुई। सभी आठों आरोपी अदालत में अपने अधिवक्ताओं के साथ पेश हुए। इस मामले की जांच करने के लिए बनाई गई एसआईटी के 2 पुलिस अधिकारियों के बयान भी अदालत ने दर्ज किए। एक गवाह से आरोपियों के अधिवक्ता ने जिरह भी की। दूसरे गवाह से अगली तारीख पर जिरह होगी। अन्य गवाहों की गवाही भी अगली तारीख पर ही होगी। अदालत ने गवाही के लिए आगामी 16 अप्रैल की अगली तारीख निश्चित कर दी है। इस मामले की पैरवी कर रही सामाजिक संस्था जनजागरण मंच के अध्यक्ष हरी शंकर कुमार व वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में अब गवाहियां शुरु हो चुकी हैं। एसआईटी के पुलिस इंस्पेक्टर और एसीपी के बयान अदालत ने दर्ज किए। अगली सुनवाई पर पुलिस के अन्य गवाहों को गवाही के लिए बुलाया गया है। अधिवक्ता का कहना है कि इस मामले से संबंधित जो जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी, उसकी मूल प्रति दस्तावेजों के साथ नहीं है। अधिवक्ता ने अदालत से आग्रह किया है कि शिकायत की मूल प्रति उपलब्ध कराई जाए, लेकिन मूल प्रति उपलब्ध नहीं हो रही है। अधिवक्ता ने अदालत से आग्रह किया है कि इस मामले में वह कानूनी कार्यवाही भी करेंगे। अदालत ने भी पुलिस को आदेश दिए हैं कि शिकायत की मूल प्रति उपलब्ध कराई जाए। सभी आरोपियों को अगली 16 अप्रैल को अदालत में पेश होने के आदेश भी दिए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2013 की 2 जुलाई को पालम विहार क्षेत्र के सतीश कुमार (काल्पनिक नाम) के घर संत आसाराम बापू आए थे। बापू ने परिवार के सदस्यों सहित उनकी 10 वर्षीय भतीजी को भी आशीर्वाद दिया था। उस समय सतीश के घर के कार्यक्रम की वीडियो आदि भी बनाई गई थी। बापू आसाराम प्रकरण के बाद टीवी चैनलों ने बनाई गई वीडियो को प्रसारित किया था। परिजनों ने आरोप लगाए थे कि उनकी व आसाराम बापू की छवि धूमिल करने के लिए वीडियो को तोड़-मरोडकर अशील व अभद्र तरीके से प्रसारित किया गया था। जिससे परिवार व मासूम बालिका को मानसिक व सामाजिक रुप से कष्ट झेलना पड़ा था। आहत होकर परिजनों ने पालम विहार पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले की पैरवी सामाजिक संस्था जन जागरण मंच के अध्यक्ष हरी शंकर कुमार व उनकी टीम करती आ रही है।

Pinnacle
DENTAL
EXPERIENCE PAINLESS AND DIGITAL DENTISTRY
SPECIALIST IN
ROOT CANAL TREATMENT
SPECIALIST IN
DENTAL IMPLANTS
DR.PRADEEP VASHISHT
B.D.S., M.D.S. (ENDODONIST)
MCOI (CERTIFIED IMPLANTOLOGIST)
FROM GOTHE UNIVERSITY GERMANY
NITTLE UNIVERSITY,MANGLORE
SPECIALIST IN :
ROOT CANAL
TREATMENT
DR.PRIYANKA VASHISHT
B.D.S. P.G.D.H.A. (APOLLO HOSPITAL)
(REGN. NO. HN 3931
